भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3114

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत एक्सप्रेसवे परियोजनाएं

†3114. श्री अतुल गर्ग:

श्री अरुण भारती:

श्री राजेश वर्मा:

डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:

डॉ. लता वानखेड़े:

श्रीमती शांभवी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतमाला परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारा संबंधी परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त राज्यों में पिछले एक वर्ष के दौरान सफलतापूर्वक निर्मित, चार-लेन वाले और व्यावसायिक यातायात के लिए खोले गए राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है;

(ग) उक्त राज्यों में इन बुनियादी ढांचा संबंधी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा आवंटित, जारी और उपयोग किया गया कुल पूंजीगत व्यय कितना है;

(घ) क्या मंत्रालय ने उक्त राज्यों में भूमि अधिग्रहण के लंबे विवादों या मुआवजे के धीमे संवितरण के कारण सिविल निर्माण में अत्यधिक देरी का पता लगाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त राज्यों में परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा का पालन करने के लिए सुविधा स्थानांतरण और वैधानिक स्वीकृतियों में तेजी लाने हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से प्रशासनिक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न हैं।

(ख) विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न हैं।

(ग) सरकार द्वारा एनएचएआई को राज्य-वार कोई निधियां आवंटित नहीं की गई है।

मंत्रालय द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 सहित विगत तीन वर्षों के दौरान भारतमाला परियोजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत एनएचएआई को आवंटित निधियों का विवरण निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रु में)

वित्तीय वर्ष	**कुल आवंटित और जारी की गई निधियां**
2023-24	2,05,136
2024-25	2,28,774
2025-26	2,38,384
2026-27 (जून 2026 तक)	50,272

तथापि, वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 (जुलाई 2026 तक) सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्य में भारतमाला परियोजना सहित सभी परियोजनाओं पर एनएचएआई द्वारा किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रु में)

वित्तीय वर्ष	**कुल व्यय**			
	उत्तर प्रदेश	**बिहार**	**आंध प्रदेश**	**मध्य प्रदेश**
2023-24	21,610	8,757	7,399	6,031
2024-25	15,632	6,612	7,504	5,695
2025-26	18,981	7,457	7,917	7,661
2026-27 (जून 2026 तक)	4,597	2,635	1,769	1,938

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं में देरी के मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दे/अड़चनें, वैधानिक मंजूरी/अनुमतियों को प्राप्त करने में देरी, जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, अतिक्रमण हटाना, कानून व्यवस्था, निर्माण सामग्री/खनिजों की अनुपलब्धता, ठेकेदार/रियायतग्राही का खराब निष्पादन और कोविड-19 महामारी, अत्यधिक वर्षा, बाढ़, चक्रवात, भूस्खलन/हिमस्खलन आदि जैसी अप्रत्याशित घटनाएं हैं। परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए विभिन्न पहलें की गई हैं। इनमें भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और त्वरित बनाना, वन एवं पर्यावरण संबंधी मंजूरियों में तेजी लाने के लिए पर्यावरण पोर्टल का पुनर्गठन करना, रेलवे से सड़क ऊपरि पुल (आरओबी) और सड़क अधो पुल (आरयूबी) के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) की ऑनलाइन मंजूरी सुगम करना और विभिन्न स्तरों पर समीक्षा बैठकें आयोजित करना शामिल हैं। सरकार ने राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित किया है। सरकार इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

अनुलग्नक-क

"भारतमाला परियोजना के अंतर्गत एक्सप्रेसवे परियोजनाएं" के संबंध में श्री अतुल गर्ग, श्री अरुण भारती, श्री राजेश वर्मा, डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, डॉ. लता वानखेड़े और श्रीमती शांभवी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3114 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	एक्सप्रेसवे/ आर्थिक गलियारा	लंबाई (किमी में)	स्वीकृत लागत (करोड़ में)	वास्तविक प्रगति %	व्यय (करोड़ में)	परियोजना की स्थिति
1	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश राज्य में ईपीसी मोड पर एनएच-934 के मोहरी से सताई घाट खंड (किमी 50+300 से किमी 89+875 तक, कुल लंबाई 39.575 किमी) का 4-लेन निर्माण (पैकेज-2)	आर्थिक गलियारा	39.575	710.92	98.5	518.83	निर्माणाधीन
2	मध्य प्रदेश	उत्तर प्रदेश राज्य में भारत माला परियोजना (ईसी) के तहत हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर एनएच-34 के मध्य प्रदेश/उत्तर प्रदेश सीमा से कबराई खंड के 197.000 किमी से 242.991 किमी तक, (लंबाई = 45.991 किमी) का चार लेन का निर्माण। (सागर-कबराई पैकेज-5)	आर्थिक गलियारा	45.991	1632.93	60.02	529.84	निर्माणाधीन
3	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश राज्य में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत ईपीसी मोड पर राजस्थान/मध्य प्रदेश बोर्ड चैनेज 452+420 से 696+920; डिजाइन चैनेज 0+000 से चैनेज 244+500) के आठ लेन वाले प्रवेश-नियंत्रित एक्सप्रेसवे (एनएच-148एन) के दिल्ली-वडोदरा	एक्सप्रेसवे	244.5	11978.71	100%	10582.89	संचालन एवं रखरखाव

		ग्रीनफील्ड संरेखण के मध्य प्रदेश/गुजरात सीमा खंड का संचालन एवं रखरखाव (पैकेज 17 से 25)						
4	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश राज्य में भारतमाला परियोजना चरण-I (आर्थिक गलियारा) के अंतर्गत एनएच-59 के इंदौर से राघव गढ़ खंड (इंदौर-हरदा पैकेज-I खंड) का एनएच-3 बाईपास पर चैनेज 0.250 से एमआर-10 जंक्शन से राघव गढ़ चैनेज 26.903 (डिजाइन लंबाई = 26.653 किमी) तक चार लेन का निर्माण	आर्थिक गलियारा	36.653	358.74	93.84	348.9	निर्माणाधीन
5	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश राज्य में हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर भारतमाला परियोजना के चरण-I के अंतर्गत एनएच-347बीजी (इंदौर से बोरगांव पैकेज-II) के तेजाजी नगर से बलवारा खंड (डिजाइन चैनेज 9.000 से डिजाइन चैनेज 42.400 तक, लंबाई 33.400 किमी) का लेन निर्माण						
6	**उत्तर प्रदेश**	अयोध्या बाईपास के मौजूदा 4 लेन खंड का डिज़ाइन किमी 121+600 से किमी 144+020 तक सुधार और पुर्नस्थापन (पैकेज-3)						
7	**उत्तर प्रदेश**	एनएच-28 के लखनऊ-अयोध्या खंड (नया एनएच-27) (68.900 किमी से 121.600 किमी तक) का सुदृढ़ीकरण एवं सुधार कार्य (पैकेज-2)						
8	**उत्तर प्रदेश**	अयोध्या-गोरखपुर खंड (142.810 किमी से						

		252.8660 किमी तक) के सुदृढ़ीकरण कार्य (पैकेज-4)						
9	**उत्तर प्रदेश**	उत्तरी अयोध्या बाईपास का 4/6 लेन का हिस्सा, जो मौजूदा एनएच-27 के उत्तर में किमी 112.540 से शुरू होकर किमी 139.928 पर समाप्त होता है (भाग-1) और एनएच-27 के दक्षिण में किमी 0.000 से किमी 5.000 तक का भाग-2 (पैकेज-1)।	आर्थिक गलियारा	35.4	1894	33.12	170.4	टीसी-07.01.2028
10	**उत्तर प्रदेश**	4/6 लेन वाला दक्षिणी अयोध्या बाईपास, किमी 5.000 से किमी 37.172 तक (एनएचएस-27 के किमी 112.540 के पास से शुरू होकर किमी 153.281 पर समाप्त) (पैकेज-2)	आर्थिक गलियारा	32.172	2041	39.04	476.84	टीसी-26.09.2027
11	**उत्तर प्रदेश**	वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे	एक्सप्रेसवे	27	1433	45.15	622.5	टीसी-18.05.2027
12	**उत्तर प्रदेश**	एनएच-530बी के 179.500 किमी से 218.000 किमी तक मथुरा-बरेली (बदायूं-बरेली) खंड का 4-लेन का निर्माण।(पैकेज-4)	आर्थिक गलियारा	38.5	1527.4	30.06	477.818	निर्माणाधीन
13	आंध्र प्रदेश	भारतमाला परियोजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-67 के मायडुकुर से बडवेल खंड का चार लेन का निर्माण।	मायडुकुर (कडप्पा) - नेल्लोर (अंतर गलियारा मार्ग)	45.140	1063.72	91.64 %	879.18	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।
14	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी के बेंगलुरु-कडपा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के कोडुर से वनवोलू तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड	बैंगलोर - कडपा - विजयवाड़ा आर्थिक	24.300	912.94	86.85 %	648.91	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी

		राजमार्ग (पैकेज-1)	गलियारा					की प्रक्रिया लंबित है।
15	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी के बेंगलुरु-कडपा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के वनवोलू से वंकरकुंटा तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (पैकेज-2)		21.400	750.81	86.51%	444.34	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।
16	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी के आर्थिक गलियारे के अंतर्गत वंकाराकुंटा से ओडुलपल्ले बैंगलोर-कडपा-विजयवाड़ा तक छह लेन वाला प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग। (पैकेज-3)		26.300	992.89	78.10%	605.44	निर्माणाधीन
17	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी के बेंगलुरु-कडपा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के ओडुलपल्ले से नल्लाचेरुवु-पल्ली तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (पैकेज-4)		24.300	1058.9	76.73%	725.54	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।
18	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी का नल्लाचेरुवु-पल्ली से येरागुडीपाडु बैंगलोर - कडप्पा - विजयवाड़ा छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (पैकेज-5)		32.700	1253.24	65.31%	647.36	निर्माणाधीन
19	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी का आर्थिक गलियारा का येरागुडीपाडु से ऑडीरेड्डीपल्ले बेंगलुरु - कडपा - विजयवाड़ा तक छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (पैकेज-		31.000	1200.43	45.56%	446.01	निर्माणाधीन

		6)						
20	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी के बेंगलुरु-कडपा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के ऑडीरेड्डीपल्ले से मल्लापल्ले तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (पैकेज-7)		16.000	956.14	73.20%	730.48	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।
21	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-544जी के बेंगलुरु-कडपा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के मल्लापल्ले से कावुलाकुंतला तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (पैकेज-8)						
22	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना चरण-1 के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम मोड पर एनएच-544जी बेंगलुरु-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के कावुलाकुंतला से नारायणमपेट तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड राजमार्ग (पैकेज-09)		7.5	1092.18	54.56%	242.13	निर्माणाधीन
23	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना चरण-1 के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम मोड पर एनएच-544जी बेंगलुरु-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के नारायणमपेट से चंद्रशेखरपुरम तक छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड राजमार्ग। (पैकेज-10)		24.5	813.66	67.80%	223.14	निर्माणाधीन
24	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम मोड पर एनएच-544जी बेंगलुरु-		32	1292.65	64.20%	337.53	निर्माणाधीन

		विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के चंद्रशेखरपुरम से पोलावरम तक छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड राजमार्ग (पैकेज11)						
25	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम मोड पर एनएच-544जी बेंगलुरु-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के पोलावरम से मर्रिपुडी तक छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड राजमार्ग (पैकेज12)		25.5	747.29	73.20%	242.41	निर्माणाधीन
26	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम मोड पर एनएच-544जी बेंगलुरु-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के मर्रिपुड़ी से सोमवाप्पडु तक छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड राजमार्ग (पैकेज13)		29.1	976.4	93.02%	370.66	निर्माणाधीन
27	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम मोड पर एनएच-544जी बेंगलुरु-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे के सोमवारप्पाडु से मुप्पावरम तक छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड राजमार्ग (पैकेज14)		28.64	1103.89	48.20%	267.38	निर्माणाधीन
28	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच (मूल) के अंतर्गत हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर एनएच 544डी का एनएच 44 के मौजूदा 346.300 किमी (डिजाइन चैनेज 0.000 किमी) से अनंतपुर-मुचुकोटा खंड के 39.380 किमी (डिजाइन चैनेज	गुंटूर-टोकापल्ले-नंदियाल-अनंतपुर (अन्य आर्थिक	37	907.76	92.34%	624.55	34.835 की लंबाई के लिए 21.08.2025 से प्रभावी पीसीसी जारी किया गया

		37.000 किमी) तक चार लेन का निर्माण	गलियारा)					
29	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच (मूल) के अंतर्गत हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर एनएच 544डी के मुचुकोटा-बुग्गा खंड के मौजूदा किमी 39.380 (डिजाइन चैनेज 37.000) से किमी 74.450 (डिजाइन चैनेज 69.000) तक चार लेन का निर्माण।	गुंटूर-टोकापल्ले-नंदियाल-अनंतपुर (अन्य आर्थिक गलियारा)	32	1055.23	84.92%	622.76	निर्माणाधीन

अनुलग्नक-ख

"भारतमाला परियोजना के अंतर्गत एक्सप्रेसवे परियोजनाएं" के संबंध में श्री अतुल गर्ग, श्री अरुण भारती, श्री राजेश वर्मा, डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, डॉ. लता वानखेड़े और श्रीमती शांभवी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3114 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र.सं.	राज्य	कार्य का नाम	लंबाई (किमी में)	स्वीकृत लागत	वास्तिवक प्रगति%	आवंटित व्यय (करोड़ में)	परियोजना की स्थिति
1	**मध्य प्रदेश**	मध्य प्रदेश राज्य में ईपीसी मोड पर नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में हिरन नदी से सिंदूर नदी तक के खंड में, किमी 66+000 से किमी 77+960 (नया एनएच-45) के बीच शेष 11.96 किमी के हिस्से का निर्माण	11.96	161.97	100%	122.25	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।
2	**मध्य प्रदेश**	मध्य प्रदेश राज्य में ईपीसी मोड पर भारतमाला परियोजना चरण-I (आर्थिक गलियारा श्रेणी) के अंतर्गत एनएच-934 के सागर-मोहरि खंड (डिजाइन चैनेज किमी 8.000 से किमी 50.300 तक, कुल लंबाई 42.300 किमी) का 4-लेन निर्माण।	42.3	790.78	100%	555.31	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।

3	**मध्य प्रदेश**	इंदौर - हरदा [नानासा से पिडगांव खंड, किमी 95.000 से किमी 142.445 तक] (पैकेज-III)	47.445	1146.22	100%	758.23	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।
4	**मध्य प्रदेश**	मध्य प्रदेश राज्य में ईपीसी मोड पर एनएच-69 के इटारसी से बेतुल खंड के 63.000 से 137.000 तक एनएच-46 के 73.955 किमी/संशोधित लंबाई 53.045 किमी) के 4 लेन के लिए शेष कार्य	53.045	511.46	100%	663.67	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।
5	**मध्य प्रदेश**	मध्य प्रदेश राज्य में एनएच-46 (पुराना एनएच-69) के ओबेदुल्लागंज-बुदनी खंड के किमी 8.300 से किमी 20.740 तक (लंबाई 12.44 किमी.) के रातापानी खंड के चार लेन ।	12.44	417.51	100%	345.58	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।
6	**मध्य प्रदेश**	मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 543 के किमी 0+000 से किमी 41+210 (बालाघाट- गोंदिया खंड) तक पेव्ड शोल्डर के साथ 4	41.21	547.48	100%	547.48	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।

		लेन विभाजित कैरिजवे का निर्माण					
7	**मध्य प्रदेश**	मध्य प्रदेश राज्य में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (पुराना एनएच-7) के कटनी बाईपास खंड को किमी 19.230 की लंबाई के साथ किमी 359+375 से किमी 378+555 तक चार लेन का बनाना	19.23	252.76	100%	239.09	निर्माण कार्य पूरा हो गया है, यातायात के लिए खोल दिया गया है।
8	**उत्तर प्रदेश**	उत्तर प्रदेश राज्य में ईपीसी पर एनएच 731 के हरदोई जिले के अंत से लखनऊ बाहरी रिंग रोड तक किमी 229 + 070 से किमी 260 + 800 तक मौजूदा सड़क का 4 लेन-पेव्ड शोल्डर में सुधार और उन्नयन, (पैकेज-4)	31.73	1138.81	100%	541	परियोजना पूर्ण

9	**उत्तर प्रदेश**	आगरा बाईपास (उत्तरी)	12.67	305	100%	305	पूर्ण/ वाणिज्यिक यातायात के लिए खोला गया
10	**उत्तर प्रदेश**	एनएच- 530बी : पैकेज- I (बी)	32.982	885	100%	885	पूर्ण/ वाणिज्यिक यातायात के लिए खोला गया
11	**उत्तर प्रदेश**	एनएच-530बी: पैकेज-I (सी)	33.018	738	100%	738	पूर्ण वाणिज्यिक यातायात के लिए खोला गया
12	**उत्तर प्रदेश**	उत्तर प्रदेश राज्य में ईपीसी मोड पर रामपुर के मौजूदा रामपुर बाईपास को (किमी 0+000 से किमी 10+190) (लंबाई = 10.19 किमी) 4 लेन में विकसित किया जाएगा	10.19	346.47 करोड़	100%	21.37	पूर्ण हुआ और यातायात के लिए खोला गया
13	**बिहार**	बख्तियारपुर (किमी 153.300) से मोकामा (किमी 197.900)	44.6	1898.84	99.95	1799.22	01.10.2025 को पीसीसीसी जारी
14	**बिहार**	बिहार राज्य में हाइब्रिड एन्युटी मोड में एनएच-31 के 197.900 किमी से 206.050 किमी (डिज़ाइन चैनेज) (मौजूदा चैनेज	8.15	2107.68	100	1209.27	पूर्ण

		204.741 किमी से 209.945 किमी) खंड (पहुंच मार्ग के साथ औंटा - सिमरिया) को चार/छह लेन का बनाना (कुल डिज़ाइन लंबाई 8.15 किमी)					
15	**बिहार**	एनएच-22 (पुराना एनएच-83) के किमी 0.000 से किमी 39.000 तक पटना - गया - डोभी खंड के 4-लेन का शेष कार्य (पैकेज-1)	39	5519.90 (एसएफसी के अनुसार)	1	4680.91 करोड़ रु.	पूर्ण
16	**बिहार**	एनएच-22 (पुराना एनएच-83) के किमी 39.00 से किमी 83.00 तक पटना - गया - डोभी खंड का 4 लेन में चौड़ीकरण का शेष कार्य (पैकेज- ।।)	44		0.999		पूर्ण
17	**बिहार**	एनएच-22 (पुराना एनएच-83) के 83.00 किमी से 127.217 किमी तक पटना - गया - डोभी खंड के 4 लेन में चौड़ीकरण के शेष कार्य (पैकेज-।।।)	44.217		0.999		पूर्ण
18	**बिहार**	एनएच-319 (पुराना एनएच-30) के परारिया-मोहनिया खंड को किमी 54+530 से किमी 115+330	60.8	870.06	1	798.25	पूर्ण

		तक 4 लेन का बनाना (पैकेज-।।)					
19	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनई-7 के बेथमंगला से बायरेड्डीपल्ली (चरण-2) खंड तक बैंगलोर-चेन्नई एक्सप्रेसवे का चार लेन में निर्माण पैकेज-1)	25	1410.01	99.20%	744.42	अनंतिम पूर्णता प्रमाणपत्र जारी किया गया और सीसी लंबित है
20	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-67 के मैडुकुर से बडवेल खंड को चार लेन का बनाना	45.14	1063.72	92%	0.00	अनंतिम पूर्णता प्रमाणपत्र जारी किया गया और सीसी लंबित है
21	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम पर अंतर-गलियारा मार्ग के तहत एनएच-365बीजी (खम्मम-देवरपल्ले) के रेचेरला गांव से गुरवायगुडेम गांव तक के चार लेन वाले प्रवेश नियंत्रित नए ग्रीनफील्ड राजमार्ग खंड का निर्माण।(पैकेज-IV)	27.428	752.02	100%	499.5	पूर्ण हो गया। परियोजना संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) चरण में है।

22	**आंध्र प्रदेश**	एनएच-365बीजी (खम्मम-देवरापल्ले) का गुरवायगुडेम गांव से देवरापल्ली गांव तक चार लेन प्रवेश नियंत्रित नया ग्रीनफील्ड राजमार्ग खंड (भारतमाला परियोजना, चरण-I के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम पर इंटर कॉरिडोर रूट के तहत) (पैकेज-V)	29.462	926.48	100%	566.19	पूर्ण हो गया। परियोजना संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) चरण में है।
23	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग 340सी खंड पर कुरनूल से मंडलेम तक चार लेन (पैकेज)-1)	30.6	882.45	100%	415.78	पूर्ण हो गया। परियोजना संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) चरण में है।
24	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-340सी के मंडलेम से आत्मकुर खंड तक चार लेन (पैकेज-2)	35.515	936.67	99.94	430.36	पूर्ण हो गया। परियोजना संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) चरण में है।
25	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम पर मदनपल्ली से पिलेरू तक चार लेन का निर्माण	55.9	1965.94	99.67%	1182.65	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।

26	**आंध्र प्रदेश**	भारतमाला परियोजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में एचएएम पर एनएच-71 के पिलेरू से कलूर खंड तक चार लेन का निर्माण	18.1	588.85	99.41%	246.41	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।
27	**आंध्र प्रदेश**	आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच (मूल) के अंतर्गत हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर एनएच 544डी का चार लेन का निर्माण, एनएच 44 के मौजूदा 346.300 किमी (डिजाइन चैनेज 0.000 किमी) से अनंतपुर-मुचुकोटा खंड के 39.380 किमी (डिजाइन चैनेज 37.000 किमी) ।	37	907.76	92.34%	468.12	अनंतिम समापन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है और सीसी की प्रक्रिया लंबित है।

*****